Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 15-06-2023 | अंक 595

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### आयुर्वेदिक दवा दुकानदार ने ग्राहक को पीटा



**अपेम लाइव : बिरनी**

बिरनी थाना क्षेत्र के बरहमसिया चौक मरकच्चो रोड़ स्थित एक आयुर्वेदिक दवा दुकान में बुधवार शाम लगभग 6 बजे दुकानदार रविन्द्र यादव ने ग्राहक को पीटा जिससे ग्राहक जख्मी हो गया । जानकारी के अनुसार आयुर्वेदिक दवा दुकानदार रविन्द्र यादव ने ग्राहक की पत्नी को शुगर कम करने के लिए 3 माह पूर्व दवा दिया था । जिसमें 3 महीने लगातार दवा खाने और ठीक होने की बात कहा था । दवा खाने के बाद इंफेक्शन हो गया और महिला की स्थिति गम्भीर हो गई इसी बात को लेकर दुकानदार को पूछने गया तभी दुकानदार ने मारपीट कर दिया जिससे वे जख्मी हो गए । स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी लाया जहां उसका उपचार डॉ ताज ने किया ।

### सीआरपीएफ के वाहन ने मोटरसाइकिल सवार को मारा धक्का, रिम्स रेफर



**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : राष्ट्रीय उच्च मार्ग 39 पर बिजली ऑफिस के पास सीआरपीएफ के वाहन ने एक मोटरसाइकिल को पीछे से धक्का मार दिया। इस दुर्घटना में सदर प्रखंड के रजवार ग्राम निवासी लखन राम बुरी तरह घायल हो गये। उनका पैर कई जगहों से टूट गया है। आनन फानन में सीआरपीएफ के जवानों ने ही उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक लखन राम अपनी मोटरसाइकिल (जेएच-08ए-9961) से रजवार ग्राम से लातेहार आ रहे थे। तभी सीआरपीएफ के वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। लखन राम कुछ दूर तक घसीटते चले गये। स्थानीय लोग व सीआरपीएफ के जवानों की मदद से उन्हें सदर अस्पताल लाया गया।

### अज्ञात वाहन के चपेट में आया बाइक सवारहुआ जख्मी

**अपेम लाइव : बिरनी**

बिरनी थाना क्षेत्र के रांची-दुमका मुख्य मार्ग पर जितकुंडी गांव के बटलोहिया नदी पुल के पास गुरुवार दोपहर लगभग 3 बजे एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मारकर फरार हो गई । जिससे बाइक चालक सड़क पर गिर गए एवं गम्भीर रूप से घायल हो गए । जिसकी पहचान तेतरिया सलैडीह निवासी 37 वर्षीय आलम हुसैन के रूप में हुई है । जानकारी के अनुसार बाइक से सवार होकर माखमरगो से बिराजपुर की ओर जा रहे थे । स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी पहुंचाया जिसका उपचार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कुलदीप तिर्की ने किया तथा गम्भीर हालत देखते हुए रेफर कर दिया ।

# बरही विधानसभा क्षेत्र में बिजली समस्या को लेकर हज़ारीबाग बिजली विभाग के जीएम से मिले पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव

## जीएम से मिलकर पूर्व विधायक ने बरही में जनता दरबार लगाकर ग्रामीणों की समस्या को समाधान करने का किया आग्रह

**अपेम लाइव : बरही**

बरही विधानसभा क्षेत्र में इस भयंकर गर्मी में बिजली की समस्या विक. राल रूप ले चुंका है। ग्रामीणों द्वारा ट्रांसफार्मर जल जाने की सूचना मिलने पर विभाग में शिकायत दर्ज करने बाद भी बना हुआ है। ट्रांसफ०र्मर विभाग द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जाता है, किसी गाँव में बिना किसी सूचना या नोटिस के ग्राहक के कनेक्शन काट दिया जाता है और एफआईआर कर दिया जाता है। आम ग्रामीण बिजली विभाग के रवैया से परेशान हो चुंके है। जनता के इन सब समस्या को अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता के समक्ष जनरल मैनेजर अशोक कुमार सिन्हा के सामने रखें और अनुरोध किया कि एक दिन बरही में जनता दरबार लगाया जाये और जनता की समस्या को सुना जाये



तथा निदान करने का प्रयास किया जाये। पूर्व विधायक के अनुरोध को स्वीकार करते हुए जीएम ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही बरही में जनता दरबार लगा कर ग्रामीणों की समस्या को समाधान करने का प्रयास करेंगे। पूर्व विधायक मनोज यादव ने बताया कि प्रचण्ड गर्मी से जहां लोगों का जीना मुहाल हो रहा है, वहीं संपूर्ण झारखंड के साथ बरही में ध्वस्त विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सहित बिजली की कुव्यवस्था को लेकर जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

# बेला में हुआ विद्यालय का शिलान्यास में शिलापट्ट पर नाम नही होने से जिला जीप उपाध्यक्ष एवं स्थानीय मुखिया ने जताया नाराजगी







**अपेम लाइवः बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के बेला में बीते दिन विधायक उमाशंकर अकेला ने एक करोड़ पंद्रह लाख के लागत से मध्य विद्यालय का शिलान्यास किया। लेकिन इस कार्यक्रम में जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं स्थानीय मुखिया मंगलदेव यादव शामिल नहीं हुए। साथ ही पूर्व में शिलान्यास के लिए लगाए गए शिलापट्ट पर जिला जीप उपाध्यक्ष एवं स्थानीय मुखिया का नाम अंकित था। वहीं शिलान्यास के लिए लगाया गया नया शिलापट्ट से जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं स्थानीय मुखिया का नाम हटा दिया गया। जिससे किशुन यादव व स्थानीय मुखिया मंगलदेव यादव ने विधायक उमाशंकर अकेला के खिलाफ नाराजगी जाहिर की है।



**क्या कहते है जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव :**

जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा की सरकारी योजनाओं के शिलान्यास पट्ट पर जनप्रतिनिधियों का नाम होना चाहिए, आखिरकार किनके कहने पर जिला जीप उपाध्यक्ष एवं मुखिया का नाम हटाया गया उन्हे यह बताना चाहिए। साथ ही साथ उन्होंने कहा की इस बात की शिकायत वह जिला उपायुक्त से भी करेंगे।



**स्थानीय मुखिया मंगलदेव यादव ने कहा की**

30 मई को शिलान्यास का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। मंच भी सजकर तैयार था सैकड़ों लोग उपस्थित भी थे लेकिन उस वक्त विधायक ने शिलान्यास करने से इन्कार कर दिया था। साथ ही साथ उन्होंने कहा की पूर्व में लगाया गया शिलान्यास पट्ट में मुखिया का नाम भी अंकित था लेकिन बीते दिन उस शिलान्यास पट्ट को हटा कर नया शिलान्यास पट्ट लगाया गया। जिससे मुखिया का नाम हटा दिया गया जो काफी निंदनीय है।



**पंसस प्रभु यादव ने कहा की**

पहले शिलान्यास स्थगित कर देना फिर नया शिलान्यास पट्ट लगाकर पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित सदस्यों का नाम हटा देना यह एक विधायक को शोभा नहीं देता है।



दिनांक: 15-06-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## जय शंकर पाठक को अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रयाग प्रसाद ने दी बधाई



**अपेम लाइव : बरही**

पांच वर्षो के लिए झारखंड सरकार विधि विभाग द्वारा हिंदू धार्मिक न्यास अधिनियम 1950 की धारा 8 में प्रदत शक्तियों के अधीन झारखंड सरकार के द्वारा तृतीय झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड का हजारीबाग के जय शंकर पाठक को अध्यक्ष झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी सहकारिता विभाग बरही विधानसभा सचिव प्रयाग प्रसाद ने बढ़ाई दी है। साथ ही प्रयाग प्रसाद ने आशा व्यक्त किया की श्री पाठक के कुशल नेतृत्व में हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड समस्त झारखंड प्रदेश में धार्मिक संस्थाओं का युद्ध स्तर पर विकास का कार्य करेंगे।

## तेज रफ्तार हाइवे ने बाइक को लिया चपेट में



**अपेम लाइव : बिरनी**

बिरनी थाना क्षेत्र के कोडरम ा-जोरासाख मुख्य मार्ग पर अरारी गांव के पास बुधवार देर रात्रि लगभग 11 बजे एक तेज रफ्तार से जा रही हाइवा जिसकी गाड़ी संख्या री 12 ु 6258 ने खड़ी बाइक हीरो पैशन प्रो जिसकी गाड़ी संख्या री 11 ु 1238 को रौंदते हुए फरार हो गई । जानकारी के अनुसार हाइवा बरहमसिया से जोरासाख की ओर जा रही थी तभी घर के सामने विजय बैठा के खड़ी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गई । घटना के बाद चालक ने तेज रफ्तार से हाइवे को भगाने लगा हालांकि ग्रामीणों ने सूझबूझ के साथ लगभग 15 किलोमीटर तक हाइवा का पीछा किया और मो. हनोडीह में उसे रोका । वहीं घटना की सूचना पाकर बिरनी थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह मोहनोडीह पहुंचकर हाइवे को जप्त कर हाइवा को घटनास्थल पर ले आये । घटना की सूचना हाइवा मालिक को दे दी गई है तथा बाइक में हुए नुकसान की पूर्ति के लिए मालिक को बुलाया गया है । ग्रामीण नारायण यादव ने बताया कि इस रास्ते से तेज रफ्तार में पत्थर लोड सैकड़ों हाइवा प्रतिदिन बिना चालान के आवागमन करती है जिससे हर दिन किसी न किसी के जानमाल की क्षति होती है । ग्रामीणों ने इसकी शिकायत प्रखण्ड से लेकर जिला पदाधिकारियों तक भी किया लेकिन आज तक किसी तरह की कोई कार्रवाई नही की गई ।




# श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में देश भर के खिलाड़ियों का लगा ताँता, सभी का हुआ स्वागत

## 16 जून से तीन दिवसीय जवाहर घाट में होना है राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता

**अपेम लाइव : बरही**



ड्रैगन बोट एसोसिएशन की ओर से आज से तीन दिवसीय 11 राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता का अयोजन जवाहर घाट स्थित जलाशय में किया जा रहा है। देश भर के खिलाड़ी श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल पहुंच रहे हैं। वहीं पर सभी का पंजीयन किया जा रहा है। गुरुवार को काफी संख्या में देवचंदा मोड़ स्थित से श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में देश भर से आई राष्ट्रीय ड्रैगन बोट की स्टेट टीमों का स्वागत हुआ। देश के हर राज्य से ड्रैगन बोट प्रतियोगिता के लिए प्रत्येक टीम अपने टीम के मैनेजर और कोच के साथ पहुंच चुकी है । विद्यालय प्रबंधक सह विद्यालय प्राचार्य सह जिला ड्रैगन बोट एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहित सिंह ने अपने विद्यालय प्रांगण में प्रत्येक टीम के मैनेजर एवं टीम कोच का स्वागत किया। जिला ड्रैगन बोट एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहित सिंह ने भारतीय ड्रैगन बोर्ड के फाउंडेशन के महासचिव विनोद वर्मा जी एवं साथ में आई उनकी टीम व अन्य राज्यों से आये सभी टीमों के मैनेजर एवं टीम कोच का स्वागत किया। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे झारखंड के इतिहास में यह बड़े गर्व की बात है कि राष्ट्रीय स्तर का ड्रैगन बोट प्रतियोगिता यहां होने जा रही है। जहां देश के हर राज्य स्तरीय टीम बड़े उत्साह और जोश के साथ इस प्रतियोगिता में भाग लेने श्रीदस स्कूल के प्रांगण में पहुंच चुकी है। विद्यालय प्रबंधक द्वारा इन सभी प्रतिभागियों एवं उनके टीम कोच की रहने की व्यवस्था, खानपान एवं अन्य सभी मूलभूत आवश्यकताओं की भलीभांति ख्याल रखा जा रहा है। इन्हें किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो इन बातों का ख्याल रखते हुए सभी चीजों का उचित प्रबंध विद्यालय प्रबंधक के द्वारा किया जा रहा है। सभी प्रतिभागियों को चेयरमैन संतोष प्रसाद द्वारा प्रशिक्षण एवं खेल से संबंधित जानकारी दी जा रही है। इस कार्यक्रम का संचालन समीर अम्बष्ट के द्वारा किया जा रहा है। राज्य स्तरीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता में हजारीबाग, खूँटी, पश्चिम सिंहभूम ,रांची, बोकारो, धनबाद दुमका, गुमला, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम के साथ साथ अन्य जिला की टीम राज्य स्तरीय ड्रैगन प्रतियोगिता में भाग ले रही है। साथ ही राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए राज्य स्तरीय टीम का आगमन शुरू हो गया है। दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश आदि की टीम पहुंच चुकी है। जबकि अन्य राज्यों की टीम देर रात तक पहुँचेगी।

# विद्यालय निर्माण कार्य में नहीं मिल पा रही है उचित मजदूरी, मजदूर पलायन को है मजबूर

**अपेम लाइव : लातेहार**



महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ प्रखंड क्षेत्र के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम तीसिया में हो रहे विद्यालय भवन निर्माण कार्य में मजदूरों को सही दर से उनकी मजदूरी नहीं मिल पाना चिंता का विषय बना है ।जिसकी शिकायत भी मजदूरों ने जनप्रतिनिधियों से की ।एक ओर जहां सरकार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास अहम भूमिका निभा रही है. जहाँ काफ़ी लम्बे समय के बाद इस क्षेत्र में सरकार के द्वारा विकास को लेकर कई योजनाएं लायी जा रही है, जिससे लोगों को शिक्षा व रोजगार मिल सके ।वही इन विकास कार्यों में मजदूरी करने वाले स्थानीय लोगों को सही दर से उनकी मजदूरी भी नहीं मिल पा रही है। विद्यालय भवन निर्माण कार्य में लगे मजदूर फूलो देवी, तिलवा देवी, शिवानी कुमारी, कहरमनिया देवी, दसमत नगेसिया, खरीदन नगेसिया, फुल. कुमारी देवी, चरकी कुमारी जीरो कुमारी, शिव शंकर नगेसिया समेत अन्य मज. दूरों ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा 225 रुपए प्रतिदिन की दर से मजदूरी दी जाती है. जबकि सरकार के द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी इससे अधिक है. वहीं जब मजदूरों की ओर से मजदूरी मांगी जाती हैं तो उन्हें काम से हटा देने की धमकी दी जाती है। मामले में लगातार मिल रही मजदूरों की शिकायत पर जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया ने कार्य का निरीक्षण भी किया था। साथ ही ठेकेदार को सरकारी दर से मजदूरी भुगतान करने को कहा था, लेकिन उसके बाद भी ठेकेदार की मनमानी से मजदूर परेशान हैं।



दिनांक: 15-06-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 03

## रक्तदान से जरूरतमंद की जान भी बचती है लेकिन आत्मीय संतुष्टि भी मिलती है : अमित केशरी

### अमित केशरी 20 बार कर चुके हैं रक्तदान, विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान की अपील

**अपेम लाइव : बरही**



अमित केशरी

रक्तदान महादान,इससे बड़ा कोई दान नहीं होता, क्योंकि इस दान से दान दाता को कोई रक्त की कमी नहीं होती, उसे कोई नुकसान नहीं होता, बल्कि जरूरतमंद को नई जिंदगी जरूर मिल जाती है। इसलिए हरेक स्वस्थ व्यक्ति को समय समय पर स्वेच्छा से रक्तदान करनी चाहिए। उक्त बाते विश्व रक्तदान दिवस पर धनबाद रोड बरही में संचालित अमित मेडिकल स्टोर के संचालक एवं स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के कोषाध्यक्ष अमित केशरी ने कही। गौरतलब हो की अमित केशरी ने अब तक 20 बार रक्तदान कर चुके हैं। इनके रक्तदान से कई लोगों को नई जिंदगी मिली है। उन्होंने बताया की उन्होंने क0लेज लाइफ से ही रक्तदान करना शुरू किया। तब से जब भी कोई रक्तदान के लिए उनसे आग्रह करता है या उन्हे जानकारी मिलती है, बिना देर किए ही हम रक्तदान कर देते हैं। कहा की रक्तदान से आत्मीय संतुष्टि मिलती है। उन्होंने कुछ लोगों के भ्रम को दूर करते हुए बताया की रक्तदान करने से कोई कमजोरी नहीं होती है। मेडिकल साइंस के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति के शरीर में हरेक तीन माह में ब्लड रिफ्रेश होता है। जिसके तहत यदि तीन माह में ब्लड डोनेट नही करता है तो वह ब्लड टूटकर पेशाब के माध्यम से शरीर से बाहर निकल जाता है। उन्होंने अपना अनुभव शेयर करते हुए कहा की रक्तदान से आप खुद को कई गंभीर बीमारियों को बचा सकते हैं। नियमित रक्तदान से हार्ट अटैक, कैंसर जैसे संभावित कई बीमारियों से बच सकते हैं। रक्तदान से ब्लड सर्कुलेशन भी ठीक रहता है। इसलिए हरेक स्वस्थ व्यक्ति को समय समय पर रक्तदान करनी चाहिए।

## कुष्ठ जागरूकता अभियान एवं कुष्ठ रोगी खोज अभियान 2023 का किया गया शुभारम्भ

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत लातेहार जिला अंतर्गत कुष्ठ रोगी की खोज प्रारंभिक अवस्था में करने के उद्देश्य से सदर अस्पताल के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सिविल सर्जन ड0 दिनेश कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर कुष्ठ जागरूकता अभियान एवं कुष्ठ रोगी खोज अभियान 2023( प्रथम चक्र )का शुभारम्भ किया गया।इस मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि कुष्ठ उन्मूलन के लिए 15 जुन से 28 जुन तक कुष्ठ जागरूकता अभियान एवं कुष्ठ रोगी खोज अभियान चलाया जा रहा है।उन्होंने बताया कि इस अभियान के जरिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गठित टीम द्वारा कुष्ठ रोगियों की पहचान करते हुए उनके इलाज के लिए कार्य किया जा रहा है। आगे बताया गया कि कुष्ठ रोग के उन्मूलन को लेकर इस अभियान के तहत जिला अंतर्गत डोर टू डोर सर्वे के लिए कुल 1132 टीम बनाया गया है जिनमे कुल 150 सुपरवाइजर समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी कार्य करेंगे। सभी टीम के सदस्यों एवं सुपरवाइजर का प्रशिक्षण संपन्न करा ली गई है। इस अभियान के तहत लोगों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया जाएगा तथा खोजी दल के घर-घर जाकर कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों को चिन्हित किया जाएगा। इसके पश्चात उन व्यक्तियों की जाँच की जाएगी। जाँच में कुष्ठ रोग की पुष्टि होने पर उसका ईलाज प्रारम्भ किया जाएगा।आगे उन्होंने कहा कि शरीर में ताँबे रंग का दाग और उस दाग में सूनापन होना कुष्ठ रोग का लक्षण है। शरीर में ऐसे लक्षण होने पर अविलम्ब ड0क्टर से जाँच करवाएं। दवा खाने से कुष्ठ रोग पूरी तरह से ठीक हो जाता है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों से अपील किया कि कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों को जाँच एवं ईलाज कराने हेतु प्रेरित करें।जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ शोभना टोप्पो ने कुष्ठ रोगी खोज अभियान - 2023 के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दिया। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जनमानस में जागरूकता लाने के उद्देश्य से सिविल सर्जन द्वारा हरी झंडी दिखाकर कुष्ठ जागरूकता रथ को रवाना किया गया। मौके पर आरडीडी पलामू डॉ संतोष श्रीवास्तव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं कर्मी उपस्थित थे।

## 24 बोरा अवैध बीड़ी पत्ता जप्त

**अपेम लाइव : लातेहार**



बरवाडीह/लातेहार : छिपादोहर पूर्वी वन क्षेत्रमें डीएफओ प्रजेशकान्त जेना के निर्देश पर छिपादोहर के प्रभारी रेंजर नंद कुमार मेहता के नेतृत्व में छापामारी कर 24 बोरा अवैध बीड़ी पत्ता चुंगरु पंचायत के नावाडीह जंगलों से जप्त किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार छिपादोहर वन क्षेत्र पलामू व्याघ्र परियोजना बफर जोन एरिया में अवैध वन तस्करों द्वारा पूरे जोर-शोर से बीड़ी पत्ता व्यवसाय चलाया जा रहा है।जिस क्रम में अवैध बीड़ी पत्ता तुड़ाई का काम पूरा कर लिया गया है और अब बीड़ी पत्ती को बोरे में भरकर ठिकाने लगाया जा रहा है।इसी क्रम में वन विभाग द्वारा अवैध बीड़ी पत्ता कारोबारियों पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कारवाई किया जा रहा है।इसी क्रम में बुधवार शाम को हेहेगड़ा के नावाडीह जंगलों से रेंजर नंद कुमार मेहता समेत अन्य वनकर्मियों के सहयोग से छापामारी कर बीड़ी पत्ता को बोरे में भरकर बाहर भेजने की तैयारी में लगे वन तस्करों का 24 बोरी बीड़ी पत्ता जप्त किया गया है।जप्त गए बड़ी पताकी कीमत एक लाख रुपए बताया गया है।वन विभाग ने व्यवसाय करने वाले अज्ञात लोगों के विरुद्ध अवाश्यक वनजीव अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए जप्त किए गए बीड़ी पत्ता को छिपादोहर वन परिसर में रखा गया है।इससे पूर्व छिपादोहर पूर्वी रेंजर द्वारा दो बार अवैध बीड़ी पत्ता जप्त किया गया था।प्रभारी रेंजर नंद कुमार मेहता ने कहा कि अवैध बीड़ी पत्ता तुड़ाई करने वाले पर अंकुश लगाने के लिए छापामारी जारी रहेगा।

## विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में विस्थापित ग्राम पंचायत के स्वास्थ्य सहिया ने उपायुक्त से की मुलाकात

**अपेम लाइवः बडकागॉव**



बड़कागांव : पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना से विस्थापित हुए अनेकों गांव पंचायत के स्वास्थ्य सहिया वर्तमान में बेरोजगार हो गए हैं जिसके कारण उनके जीविकोपार्जन में अनेकों कठिनाई आ गई है। विधायक अंबा प्रसाद ने विस्थापित ग्राम पंचायत के स्वास्थ्य सहियाओ के साथ उपायुक्त नैंसी सहाय से मुलाकात की एवं सारी वस्तु स्थिति से अवगत कराया। विधायक अंबा प्रसाद ने बताया कि पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के अधिग्रहित क्षेत्र में अनेकों ग्राम पंचायत विस्थापित हो गए हैं जिसके कारण उक्त क्षेत्र में कार्यरत सहिया दीदी बेरोजगार हो गयीं हैं। उनके घर चलाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसीलिए इन्हें तुरंत रोजगार के साधन उपलब्ध कराना अति आवश्यक है। वहीं स्वास्थ्य सहियाओं ने भी उपायुक्त नैंसी सहाय से निवेदन किया कि उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जाए। विधायक अंबा प्रसाद व स्वास्थ्य सहिया की मांग पर उपायुक्त ने सभी सहिया दीदी को आश्वस्त किया कि बहुत जल्द स्वास्थ्य सहिया को पुनः रोजगार से जोड़ा जाएगा।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## जीप उपाध्यक्ष की पहल पर लातेहार से जोड़ा गया बालूमाथ का बिजली

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : बालूमाथ में बिजली समस्या को देखते हुए अनीता देवी जीप उपाध्यक्ष के द्वारा लातेहार बिजली विभाग कार्यालय पहुंचकर कार्यपालक अभियंता से मुलाकात कर लातेहार से बालूमाथ का बिजली कनेक्शन जोड़वाया गया । ज्ञात हो कि बालूमाथ को बिजली लोहरदगा ग्रिड से आपूर्ति की जा रही थी ।जिस कारण 24 घंटे में 3-4 घंटे ही बिजली मिल पा रही थी। उमस भरी गर्मी से बालूमाथ के ग्रामीण, उपभोक्ता काफी परेशान थे। बुधवार को बालूमाथ के ग्रामीणों ने इस समस्या को जीप उपाध्यक्ष को अवगत कराया था। उपाध्यक्ष ने इसे गंभीरता से लेते हुए लातेहार से जुड़वाने का कार्य किया ।अब संभावना है कि बालूमाथ की बिजली समस्या से निजात मिल पाएगी। बालूमाथ के ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए उपाध्यक्ष को साधुवाद दिया है।

## बीडीओ ने किया प्रधानमंत्री आवास योजना की जांच

### लाभुकों को शीघ्र कार्य पूर्ण करने का दिया निर्देश

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**




कान्हाचट्टी : प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने गुरुवार को प्रखण्ड के कोल्हैया पंचायत के सुदूरवर्ती गांव हेमरा एवं लुटा पहुंचे,जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के दजनो लाभुकों को सरकार द्वारा दिये गया प्रधानमंत्री आवास योजना को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया ।बताते चलें कि बी डी ओ श्री महतो लाभुक दिवस के मौके पर किसी न किसी पंचायत में पहुंचकर आवास योजना के लाभुकों के साथ बैठकर आवास को शीघ्रता से पूर्ण करने का आग्रह भी करते नजर आते हैं ।इस गुरुवार को भी चिलचिलाती धूप में ही बी डी ओ कोल्हैया पंचायत के सुदूरवर्ती गांव हेमरा लुटा पहुंच कर आवास योजना के लाभुकों के साथ बैठक कर आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने लाभुकों से कहा कि जो भी लाभुक जिनका आवास मिला है और उन्हें अग्रिम राशि दिया जा चुका है वे जल्द आवास का निर्माण पूर्ण करें,जो आवास का कार्य पूर्ण नहीं करेंगे उनके विरुद्ध रिकवरी की नोटिश के साथ साथ उन पर मुकदमा भी किया जाएगा ।उन्होंने आगे कहा कि जो लाभुक आवास का पैसा लेकर ये सोच रहे है कि आवास अब नहीं बनाएंगे वो भूल कर रहे हैं चुकी सरकार का पैसा को कोई पचा नहीं सकता है ।सरकार की राशि को काम कर दिखाया जाता है ।मौके पर बी पी ओ राजीव रंजन सिंह,पंचायत सेवक प्रसादी ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

## विजय यादव के पिता विश्वनाथ यादव का निधन

### सामाजिक कार्यकर्ताओं ने परिजनों से मिलकर बंधाया ढांढस

**अपेम लाइव : बरही**



बरही प्रखंड के विजैया में संचालित माउंट एलिवेंट स्कूल के संचालक विजय यादव के पिता विश्वनाथ यादव उम्र 80 वर्ष का निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। विश्वनाथ यादव एक सामाजिक कार्यकर्ता थे। हर सामाजिक कार्यो में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते थे। इनके तीनों पुत्र दिल्ली ओर गुडियो में स्कूल चलते है। जिनमें वीरेन्द्र यादव, चंद्रशेखर यादव, विजय यादव है। विश्वनाथ यादव की निधन से पंचायत के ग्रामीणों ने शोक का माहौल है। निधन की खबर सुनते ही अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कैयूम, पूर्व मुखिया दशरथ यादव सहित कई समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों ने परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया। मौके पर केदार यादव, चूल्हन महतो, पूर्व सरपंच बैजनाथ यादव, सुरेश यादव, सुनील यादव, कुलदीप यादव, दिलीप यादव, कांति देवी, रघु मोदी, सुरेश कुशवाहा, अली मियां, इलियास मियां, संतोष यादव, सीता राम यादव, सुशील यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहें।

## सरना धर्म कोड की मांग को लेकर विष्णुगढ़ में एनएच रहा घंटों जाम

### भीषण गरमी से यात्री रहे हलकान, एक घंटे में हट गया जाम

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**




आदिवासी सेंगेल अभियान द्वारा सरना धर्म कोड समेत अन्य मांगों को लेकर भारत बंद के आह्वान के मद्देनजर गुरुवार को विष्णुगढ़ के सातमील मोड़ में एनएच 522 को बंद समर्थकों ने जाम कर दिया। जिससे विष्णुगढ़-हजारीबाग-बगोदर तथा विष्णुगढ़-गोमियां रोड में वाहनों की लंबी कतार लग गई। पारंपरिक ढ़ोल-मांदर के साथ उतरे बंद समर्थकों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे आदिवासी सेंगेल अभियान के जिलाध्यक्ष बहाराम हांसदा ने कहा कि आज कमजोर एवं भोला-भाला समझ कर प्रकृति पूजक आदिवासी समाज पर चौतरफा हमला किया जा रहा है। हमारी पारंपरिक संस्कृति, माटी, हासा-भाषा तथा मरांगबुरु को मिटाने की साजिश की जा रही है। कहा इसके खिलाफ पूर्व सांसद सालखन मुर्मू के नेतृत्व में पूरे देश में उलगुलान की तैयारी की जा रही है। इस बंदी के माध्यम से सरकार को यह संदेश देना है कि आदिवासी समाज अब जाग चुका है। सरकार को आदिवासी समाज का हक-अधिकार अब देना होगा। वहीं, बोकारो जोनल हेड आनंद टुडू ने कहा कि हमारी मांगों में सरना धर्म कोड लागू करना, झारखंड में संथाली को राजभाषा का दर्जा, मरांगबुरु को जैन तीर्थ क्षेत्र हटाकर आदिवासी धर्मस्थल घोषित करना, कुरमी-महतो को एसटी का दर्जा से मुक्त रखना तथा वंशानुगत तरीके से हटाकर लोकतांत्रिक तरीके से आदिवासी स्वशासन व्यवस्था लागू करना शामिल है। आंदोलन के अगले चरण में पूरे देश के आदिवासी समाज की महारैली कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में होगी। आंदोलन के तहत करीब दो घंटे सड़क जाम के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद जाम हटा लिया गया। इस बीच सड़क जाम की वजह से बड़ी संख्या में यात्री गरमी से हलकान रहे। मौके पर बहाराम हांसदा, लालजी सोरेन, करमचंद मुर्मू, जागेश्वर मुर्मू, सुगन बेसरा, सनीचर सोरेन, अर्जुन मरांडी समेत कई लोग शामिल थे।

## बड़कागांव विधानसभा की जनता के मान मर्यादा एवं सुरक्षा के लिए संकल्पित होने का समय : रोशनलाल चौधरी

### 22 जून को पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में विधानसभा स्तरीय संकल्प दिवस मनाएगा आजसू

**अपेम लाइव : बडकागॉव**



बड़कागांव : आजसू पार्टी के स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाने की तैयारी पूरे प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आजसू पार्टी के द्वारा चल रही है ।जिसके आलोक में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता भी स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाने की तैयारी में लगे हैं। इसको लेकर पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने कहा की पार्टी के स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता राज्य एवं राज्य की जनता की मर्यादा , जन मन की सुरक्षा के लिए संकल्प लेंगें। बड़कागांव की जनता की उन्नति के लिए एवं चहुंओर विकास के लिए, क्षेत्र से भय - भूख और भ्रष्टाचार मिटाने के लिए, युवाओं को रोजगार के लिए, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, विस्थापितों के हक अधिकार सुनिश्चित करने के लिए, बुजुर्गो के सम्मान के लिए अब पार्टी के कार्यकर्ता संकल्प लेकर अभियान की बुनियाद रखेंगे। बड़कागांव के कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर विधानसभा स्तरीय संकल्प दिवस पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में सुबह दस बजे से मनाया जायेगा। जिसमे पूरे बड़कागांव विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। वही इस संकल्प दिवस को सफल बनाने को लेकर बड़कागांव आजसू पार्टी के प्रखंड कार्यालय में कल 17 तारीख दिन शनिवार को सुबह 9:00 बजे से बैठक रखी गई है ।जिसमें बड़कागांव प्रखंड के आजसू पार्टी के सभी सक्रिय कार्यकर्ता शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा करेंगे।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## त्रिदेव विस्थापित समिति की बैठक, समिति को विस्तार करने का लिया निर्णय

**अपेम लाइव : बडकागॉव**



बड़कागांव : प्रखंड अंतर्गत चेपाकला पंचायत मे गुरुवार को त्रिदेव विस्थापित समिति की विशेष बैठक की गई। बैठक में जुगरा, चेपाकला , आराहारा एवं मंझली डाडी के ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता शंकर राम एवं संचालन रामदुलार साव ने किया। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लेते हुए समिति का विस्तार किया गया । एवं अपने क्षेत्र की विकास कैसे हो इस पर विशेष बल दिया गया। मौके पर सचिव खेमानी साव, कोषाध्यक्ष फुलेश्वर महतो, उपाध्यक्ष विजय राना, उप सचिव राजेंद्र प्रसाद, उप कोषाध्यक्ष सिकेंद्र कुमार साव, मीडिया प्रभारी अनुज कुमार सिंह, सदस्य ब्रजेश कुमार सिंह , द्वारिका भारती, मुकेश साव ,दिनेश्वर साव, संतोष सिन्हा ,सुरेश राणा विजय महतो ,दिनेश्वर महतो , बालेश्वर महतो, मिठू महतो ,कुलदीप महतो, रामकुमार साव ,सुरेंद्र राम, जुगेश्वर राम, रामबिलास साव, एवं अन्य सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे ।

## टेम्पू चालकों ने ट्रैफिक जवान पर लगाया मारपीट का आरोप, सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : जिला मुख्यालय के थाना चौकी स्थित टेंपो स्टैंड के ड्राइवरों ने ट्रैफिक जवान पर मारपीट का आरोप लगाते हुए सदर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से चालकों ने ट्रैफिक जवान पर कार्रवाई की मांग की है। टेंपो चालक बबलू राम ने जवान पर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पंचायत द्वारा थाना गेट के सामने स्थित स्टैंड में आज दोपहर 12 बजे ट्रैफिक जवान द्वारा टेंपो स्टैंड में घुसकर बिना किसी कारण के हमें और हमारे साथी चालाक प्रदीप यादव फंटूश प्रसाद शमशेर अंसारी प्रकाश यादव अकबर अंसारी वीरेंद्र राम प्रवीण यादव अर्जुन यादव हीरामणि यादव भुनेश्वर यादव व अन्य के साथ मारपीट की। सभी चालक थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप उचित कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। ज्ञापन देने वालों में बबलू राम बहादुर सिंह जयप्रकाश यादव प्रदीप यादव रमेश जी अर्जुन यादव शमशेर अंसारी प्रवीण यादव लाल बिहारी यादव राजबली सिंह बिरन राम प्रभु यादव राजेश यादव महेंद्र दास शामिल थे।

## आठवीं पुण्यतिथि पर याद किए गए प्रह्लाद प्रसाद उर्फ लादू बाबू

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : जिले के चंदवा प्रखंड के समाजसेवी रहे स्व प्रह्लाद प्रसाद साहू उर्फ लादू बाबू की आठवीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान शौण्डिक समाज की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जहां उनकी पत्नी अनीता देवी व बेटा विकाश कुमार सहित कई लोगों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सभा की अध्यक्षता निर्मल कुमार शर्मा ने की जबकि सभा का संचालन शौंडिक समाज के अध्यक्ष प्रमोद कुमार साहू ने किया। मौके पर समाजसेवी राजकुमार साहू, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझु, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, भाकपा नेता अलाउद्दीन, रवि कुमार डे, महेंद्र प्रसाद साहू, डॉ नसीम हैदरी, अनिल साहू, रामनाथ गुप्ता, प्रेम शंकर भगत, सरफराज, रमेश प्रसाद, दिनेश प्रसाद, प्रदीप साहू, महबूब अंसारी, अशोक कुमारसाहू, महेंद्र अग्रवाल, अजय कुमार, भाजपा मंडल महामंत्री दीपक निषाद, विनोद कुमार गुड्डू, सुरेश जायसवाल, नारायण प्रसाद, अमरदीप प्रसाद समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## बिजली की आंख मिचोली से परेशान ग्रामीणों ने किया तीन घंटे सड़क जाम

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : जिले के बारियातू प्रखंड क्षेत्र मे इन दिनों बिजली की आंख मिचोली खेल से ग्रामीण परेशान हैं।क्षुब्ध होकर ग्रामीणों ने रांची – चतरा मुख्य सड़क फूलसु मोड़ तीनमुहान के पास गुरुवार सुबह से लगभग तीन घंटे तक सड़क को जाम कर दिया।जिससे दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लग गई।सड़क जाम होने की सूचना पाकर बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी,थाना प्रभारी मुकेश चौधरी व सीआई सुरेश राम जाम स्थल पहुँच कर उपभोक्ताओं से वार्ता किया।जमाकर्ताओं ने बीजली विभाग के एसडीओ को जाम स्थल पर आने की मांग पर अडे रहे। सीआई राम, थाना प्रभारी चौधरी ने बीजली विभाग के एसडीओ से फोन पर वार्ता कर जाम स्थल आने की बात कहा गया पर एसडीओ बाहर मे रहने की बात कहते हुए बीजली में सुधार कराने का अशवासन दिया। जमाकर्ताओं को काफी समझाया गया लगभग तीन घंटे के बाद जामकर्ताओ ने जाम को हटाया।सड़क जाम हटाने के पूर्व जामकर्ताओ ने बीजली आपूर्ति पदाधिकारी के नाम बीडीओ, व थाना प्रभारी को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से कहा है की बारियातू प्रखंड में 22 घंटा बीजली आपूर्ति किया जाए। बारियातू प्रखण्ड का पीएसएस का कंट्रोल बालूमाथ से ना होकर लोहरदगा से किया जाए प्रखण्ड के सभी सुदूरवर्ती क्षेत्र खराब पडे ट्रांसफर्मर व जर्जर तार को अविलम्ब दुरुस्त किया जाए, पंचायत स्तर पर बीजली मिस्त्री बहाल किया जाए, बीजली बील भुगतान हेतु प्रतियेक माह बारियातू में शिविर लगाया जाए,बीजली विभाग के अधिकायी एंव मिस्त्री द्वारा ग्रामीणों के साथ तानाशाही रवैया को दुर करें सहित बताया कि बिते कई दिनों से बिजली के समस्या से हमलोग आम जनता जूझ रहे हैं। गर्मी में ग्रामवासियों को काफ़ी समस्या हो रहा है साथ ही छात्र, छात्राओं को रात्रि मे पढ़ाई बाधित हो रही है छात्रों के साथ अमजनों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। पूर्व से प्रखंड वासियों के द्वारा बार–बार बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचित करने के बावजूद भी अभी तक बिजली समस्या से निदान नहीं मिल पाया। यहां तक बिजली विभाग के अधिकारीयों को खबर दिए जाने के बावजूद भी ग्रामीणों से बात करना उचित नहीं समझते हैं। इसी आक्रोश में प्रखंड वासियों के द्वारा सड़क जाम कर बिजली विभाग का विरोध प्रदर्शन किया गया।बिजली के समस्या का निदान नहीं मिलने पर पुनः चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ेगा जिसका जवाबदेय बिजली विभाग का होगा।

इधर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीरबीर ग्राम के ग्रामीणों ने शव के साथ गिद्दी मोड़ एन एच 99 को मुआबजा मांग को लेकर लगभग एक घंटा तक जाम कर दिया।जाम की सुचना पा कर थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी सदलबल जाम स्थल पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता कर जाम हटाया. थाना प्रभारी चौधरी ने बताया कि बीरबीर ग्राम निवासी रमेश गंझु 26 वर्ष पिता स्वर्गीय तुलसी गंझू मजदुरी करने टंडवा के बहेरा गया हुआ था बीते दिन वह तालाब में नहाने गया था कि पानी में अचानक मिर्गी बीमारी का दौरा पड गया जिससे तालाब में ही उसकी मौत हो गई थी। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जा मे कर चतर सदर में पोस्मार्टम करा कर शव को परिजनों को सौंप दिया था इसके बाद ग्रामीणों ने मुआबजा को लेकर गिद्दी मोड एन एच को जाम कर दिया था।

## अच्छे कार्य के लिए श्रम अधीक्षक लातेहार को मिला प्रशस्ति पत्र

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : श्रम अधीक्षक लातेहार लक्ष्मी कुमारी के द्वारा जिले के कार्यरत सरकारी अस्पतालों में बालाजी डिटेक्टिव फोर्स प्रा. लि. द्वारा झारखंड सरकार द्वारा अधिसूचित न्यूनतम मजदूरी से कम दर पर किए जा रहे भुगतान की प्राप्त शिकायत पर जांच कर 237 कर्मच. ारी को सरकारी दर से 20,11,597(बीस लाख ग्यारह हजार पांच सौ संतानवे) रु का भुगतान माह मार्च 2023 में कराया गया था।जिस पर सचिव श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग ,झारखंड सरकार के निर्देशानुसार श्रमायुक्त झारखंड संजीव कुमार बेसरा , भाप्रसे के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर अपर श्रमायुक्त जमशेदपुर, संयुक्त श्रमायुक्त एवम उपश्रमायुक्त रांची उपस्थित थे।




